राष्ट्रस्तरीय कार्यशालाओं का आयोजन

1. दिनांक 30 व 31 दिसम्बर, 2019 को Preparation of Rajasthan State Biodiversity Strategy and Action Plan विषय पर राष्ट्रीय स्तर की दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

"राजस्थान राज्य जैव विविधता रणनीति एवं कार्य योजना" की तैयारी हेतु डॉ0 जी.वी.रेड्डी, भा.व.से., अध्यक्ष, राजस्थान राज्य जैव विविधता बोर्ड, जयपुर की अध्यक्षता में दो दिवसीय कार्यशाला का दिनांक 30–31 दिसंबर, 2019 को "राजस्थान वानिकी और वन्यजीव प्रशिक्षण संस्थान, जयपुर में आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन आई.ए.एस. श्रेया गुहा, प्रमुख शासन सचिव, वन एवं पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार ने किया। कार्यशाला में वी.बी.माथुर, अध्यक्ष, राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण, चेन्नई ने भी भाग लिया। कार्यशाला का सफल संचालन श्री उमा राम चौधरी, भा.व.से., सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य जैव विविधता बोर्ड, जयपुर ने किया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय जैव विविधता कार्य योजना के बारे में विभिन्न हितधारकों को जागरूक करना था अन्य राज्यों के अनुभवों से सीख लेना जिन्होंने समान राज्य जैव विविधता कार्य योजना विकसित की है, उपयुक्त Resource Person की पहचान करना जो आगे भी इस कार्य योजना को बनाने में शामिल हो सकता है एवं राजस्थान राज्य जैव विविधता कार्य योजना की रूपरेखा तैयार करने के लिए कार्य योजना तैयार करना था। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के जैव विविधता संरक्षण से संबंधित विशेषज्ञों सहित लगभग 80 लोग जिनमें सरकारी/गैर–सरकारी अधिकारी, वैज्ञानिक, विश्वविद्यालयों के संकाय प्रमुख, गैर–सरकारी संगठन, क्षेत्र विशेषज्ञ, हितधारक, विभिन्न संस्थानों के शोध विद्वान आदि ने वर्कशॉप में भाग लिया। इस कार्यशाला में राज्य की जैव विविधता से संबंधित सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर विस्तार में विचार विमर्श एवं चर्चा की गई।

मुख्य अतिथि श्रीमती श्रेया गुहा, प्रमुख शासन सचिव,
वन एवं पर्यावरण राजस्थान द्वारा दीपक प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन

Scanned with CamScanner

डॉ0 जी.वी.रेड्डी, अध्यक्ष, रा.रा.जैव विविधता बोर्ड द्वारा सम्बोधन

राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण के अधिकारीगणों द्वारा विचार व्यक्त किये गये।

Scanned with CamScanner

श्री उमा राम चौधरी, सदस्य सचिव, रा.रा.जैव विविधता बोर्ड द्वारा कार्यशाला का संचालन

कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागीगण

Scanned with CamScanner